मांग
मिलावटी दूध का काला कारोबार, सेहत से खिलवाड़ कर चांदी काट रहे डेयरी संचालक

# संबंधित विभाग से नागरिकों ने की कार्यवाही की मांग



**नवभारत/नरसिंहपुर/गोटेगांव।** नगर में इन दिनों मिलावटी दूध बेचने वाली डेयरियों की बाढ़ सी आ गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा केवल कागजी खानापूर्ति करने के कारण इन मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। नगर के काली माता मंदिर के पास स्थित एक दूध डेयरी सहित कई स्थानों से लगातार मिलावट की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इन डेयरियों में न केवल दूध की शुद्धता से समझौता किया जा रहा है, बल्कि नाप-तौल के लीटर में भी गड़बड़ी कर ग्राहकों को कम मात्रा में दूध देकर उनसे पूरी कीमत वसूली जा रही है। नियमानुसार डेयरी संचालन के लिए एफएसएसएआई (FSSAI) से लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है।

### स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा

दूध में अधिक मुनाफा कमाने के लालच में मिलावटखोर डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया, स्टार्च और वनस्पति तेल जैसे जानलेवा रसायनों का उपयोग कर रहे हैं। यह रसायन मानव स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों के शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। रसायनों के इस मिश्रण से दूध की मात्रा बड़ाकर मिलावटखोर अपनी जेबें भर रहे हैं और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस गंभीर मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी केंद्र सरकार को मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर सजा का प्रावधान करने के निर्देश दिए हैं।

### सतर्क रहें और करें शिकायत

नगरवासियों को मिलावटी दूध के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। यदि आपको दूध या अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट का संदेह है, तो आप राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1800-11-4000 या 14404 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा consumerhelpline.gov.in वेबसाइट पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वे केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर औचक निरीक्षण करें ताकि इन मिलावटखोरों पर नकेल कसी जा सके।



## गोटेगांव से दिघारी सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त, ग्रामीण परेशान


**नवभारत/गोटेगांव।** गोटेगांव से ग्राम दिघारी जाने वाला सड़क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो गंभीर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। कुछ समय पहले इस मार्ग पर मरम्मत मरम्मत का कार्य किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों में सड़क की हालत फिर जस की तस हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि इसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण के दावे किए जा रहे है, लेकिन दिघारी के नागरिक आज भी खराब सड़क से जूझ रहे हैं। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और बदतर हो जाती है, जिससे आवागमन मुस्किल हो जाता है और स्कूली बच्चों, किसानों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें रोजाना की परेशानी से राहत मिल सके।

# मंदिर की छत पर विद्युत केबिल से खतरा



**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम डोभी में बस स्टैंड पर स्थित देव मुरलीधर मंदिर की छत पर बिछाई गई विद्युत केबिल लाइन बड़े खतरे का कारण बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केबल बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुले में डाली गई है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मंदिर में नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रम पूजा पाठ आयोजन होते रहते है। जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। भीड़भाड़ के दौरान कई बार बच्चे छत पर खेलने चले जाते हैं, वहीं कुछ लोग भी व्यवस्था देखने या अन्य कारणों से छत पर पहुंचते हैं। ऐसे में खुले में पड़ी विद्युत केबल से करंट लगने का खतरा बना रहता है। स्थिति को देखते हुए लोगों में भय का माहौल है और वे छत पर जाने से कतराने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी बिजली विभाग के लाइनमैन और संबंधित अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है।लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की लापरवाही के चलते लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस केबल लाइन को सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित किया जाए या उसे हटाया जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# डंपर की लापरवाही से युवक गंभीर घायल



**नवभारत/गाडरवारा।** कांच मंदिर के पास डंपर चालक की लापरवाही के चलते एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वार्ड क्रमांक 04 निवासी के पुत्र निखिल तामकार 23 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 07:55 बजे अपनी स्कूटी (MP49ZG4815) से जा रहे थे। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप के पास सड़क पर खड़े डंपर (HR84-3171) के चालक ने बिना इंडिकेटर या किसी सुरक्षा संकेत के वाहन को लापरवाहीपूर्वक खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से आ रही निखिल की स्कूटी डंपर से टकरा गई, जिससे उसके सिर, हाथ व पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के समय मौजूद मुकेश तामकार एवं सुनील तामकार ने तत्काल मदद कर 112 पुलिस की सहायता से घायल को शासकीय अस्पताल गाडरवारा पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में युवक का इलाज जबलपुर में जारी है।

**पुलिस कार्रवाई:** पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जिम्मेदारी जांच अधिकारी, स्ट्ठ राजेश तिवारी को सौंपी गई है।

# विधायक निधि से नगर पालिका को दो पेयजल फायर फाइटर पंप टैंकर दिए



**नवभारत/ गोटेगांव।** भीषण गर्मी और गोटेगांव नगरपालिका क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या को देखते हुए विधायक महेंद्र नागेश द्वारा विधायक निधि से दो पेयजल वाटर टैंकर क्षमता 5000 लीटर फायर फाईटर पंप नगर पालिका क्षेत्र में जनता को पीने का पानी उपलब्ध कराने और आग बुझाने के काम में आने वाले दो फाइटर टैंकरों का विधायक निधि से स्वीकृत पेयजल फाइटर टैंकरों का वितरण किया गया सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे ने कहा गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश द्वारा जनहितैषी प्रयासों के साथ हम जनता की सेवा कर रहे हैं विधानसभा क्षेत्र में कई करोड़ों के विकास कार्य निरंतर कराएं जा रहें हैं नगर में भी विधायक निधि से करोड़ों के विकास कार्य हो रहें हैं विधानसभा क्षेत्र की जनता की हर समस्या और परेशानियों का समाधान भी कराया जा रहा है।

# कलेक्टर ने साईंखेड़ा क्षेत्र में गौशालाओं व जल गंगा संवर्धन कार्यों का किया निरीक्षण



**नवभारत/गाडरवारा/साईंखेड़ा।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को विकासखंड साईंखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत गरधा, बोदरी एवं निवारी का दौरा कर गौशालाओं और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौशालाओं में ग्रीन ग्रास व आत्मनिर्भरता पर जोर ग्राम गरधा एवं निवारी में संचालित गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खाली पड़ी भूमि का समुचित उपयोग कर हरा चारा (ग्रीन ग्रास) विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे गौवंश को पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार मिल सके। उन्होंने भूसा भंडारण की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे निरंतर बनाए रखने को कहा। साथ ही गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चारा उत्पादन और जल संरक्षण को आवश्यक बताया। जल गंगा अभियान के तहत तालाब व संरचनाओं का निरीक्षण ग्राम बोदरी में निर्माणाधीन तालाब का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने बांध को मजबूत और व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि यहां दो तालाबों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिस पर कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम निवारी में पंचायत भवन स्थित वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का भी निरीक्षण किया गया। लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश निरीक्षण के दौरान ग्राम बोदरी पंचायत में सचिव एवं जीआरएस के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने पंचायत सचिव बलराम कौरव एवं जीआरएस रामपाल यादव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एक बगिया मां के नाम परियोजना का अवलोकन कलेक्टर ने ग्राम बोदरी में स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित एक बगिया मां के नाम परियोजना के अंतर्गत लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया।



## महाकाल चौराहे पर कार से टकराई बस

**नवभारत/ गाडरवारा।** के महाकाल चौराहा पर कल एक बस ने अचानक नियंत्रण खोते हुए एक कार और एक ऑटो को टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी, जिससे वह सामने चल रहे वाहनों से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार और ऑटो को नुकसान पहुंचा, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। बाद में यातायात भी सामान्य कर दिया गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। यह एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी, लेकिन समय रहते सब सुरक्षित रहे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### एक नजर में



## अनिश्चितकालीन धरने का चौथा दिन प्रशासन की अनदेखी से बढ़ा आक्रोश

**नवभारत/ सालीचौका।** ग्राम बारहा बड़ा के वार्ड क्रमांक 5 में कच्चे रास्ते पर सड़क निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरने में महिला, पुरुष एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। मध्य प्रदेश किसान सभा के संयोजक दिनेश कुशवाहा ने बताया कि लगातार चार दिन बीत जाने के बावजूद अब तक पंचायत सचिव, सरपंच, जनपद या जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और न ही किसी प्रकार की सुध ली गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इसके तहत क्रमिक अनशन, चक्का जाम एवं पुतला दहन जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। धरनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि बुनियादी सुविधाएं उनका अधिकार हैं और इन्हें प्राप्त करने के लिए वे अंतिम तक संघर्ष करने को तैयार हैं।


## साईखेड़ा जनपद में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत/ गाडरवारा।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत साईखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरपंच, सचिव एवं जीआरएस उपस्थित रहे, जहां अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सभी ग्राम पंचायतों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल के अधिकतम संरक्षण के लिए प्रत्येक पंचायत को ठोस और परिणाममुखी कार्य करना होगा। इस हेतु सोख्ता गड्ढा, खेत-तालाब, ट्रेंच निर्माण तथा बोरी बंधान जैसे कार्य प्राथमिकता से करने को कहा गया। साथ ही इन कार्यों में जनसहभागिता बढ़ाकर अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर जोर दिया। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतें तत्काल प्रभाव से 50-50 जल संरक्षण गतिविधियां शुरू करें और मई माह तक उन्हें पूर्ण करें। साथ ही कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत पलोहाबड़ा के सचिव मिथलेश खरे को क्षेत्र में अधूरे पड़े वॉटर हार्वेस्टिंग कार्य तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर अनुशासनात्मक एवं रिकवरी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जनपद साईखेड़ा अंतर्गत 16 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## गाडरवारा रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**नवभारत/ गाडरवारा।** कल रेलवे स्टेशन के मालगोदाम के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद भी करीब 4 घंटे तक शव मौके पर ही पड़ा रहा, जिससे जी आर पी और स्थानीय पुलिस के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि शव काफी देर तक खुले में पड़े रहने के कारण उसके चेहरे को चींटियों और कीड़ों ने क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे पहचान करना और भी मुश्किल हो गया है। फिलहाल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है और मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो तत्काल थाना गाडरवारा में संपर्क ।

# कॉलेज की बाउंड्री वॉल अधूरी, सुरक्षा पर मंडराया खतरा, जांच की मांग तेज



**नवभारत/ साईखेड़ा।** स्थित शासकीय महाविद्यालय में नए भवन निर्माण के बावजूद बाउंड्री वॉल का कार्य अधूरा रहने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, लेकिन परिसर की बाउंड्री वॉल का निर्माण अब तक पूरा नहीं किया गया है। 17 फरवरी 2026 को किए गए स्थल निरीक्षण में पाया गया कि जहां पक्की बाउंड्री वॉल बनाई जानी थी, वहां केवल अस्थायी रूप से तार फेंसिंग कर दी गई है, जो स्वीकृत निर्माण कार्य के अनुरूप नहीं है। बाउंड्री वॉल अधूरी रहने के कारण कॉलेज परिसर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे छात्र-छात्राओं, महाविद्यालय स्टाफ तथा संस्थान की संपत्ति को संभावित खतरा बना हुआ है। साथ ही, अधूरे कार्य के चलते भवन का विधिवत हस्तांतरण भी लंबित है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद भी कार्य अधूरा रहना प्रशासनिक लापरवाही या संबंधित निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। जनभागीदारी समिति ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, विलंब और अनियमितता के लिए।

# मॉडल रोड की दोनों साइड की पट्टियों पर कब्जा

### तहसील कार्यालय के सामने मॉडल रोड पर अतिक्रमण की भरमार प्रशासन की चुप्पी से राहगीर परेशान



**नवभारत/गोटेगांव।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने तहसील कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण जगह के सामने ही मॉडल रोड की दोनों साइड की पट्टियों पर कब्जा जमा लिया है। स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की उदासीनता के चलते मॉडल रोड के दोनों ओर की पट्टियां पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे आम जनता को पैदल चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय के सामने स्थित मॉडल रोड की पट्टी पर होटल संचालकों और दुकानदारों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं, कुछ दुकानदारों ने तो गुपचुप तरीके से बिजली के अवैध कनेक्शन भी कर लिए हैं। इस अतिक्रमण के कारण सड़क किनारे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे व्यस्त मार्ग काफी संकीर्ण हो गया है और यातायात प्रभावित हो रहा है। यही स्थिति जनपद पंचायत कार्यालय के सामने भी बनी हुई है, जहाँ अतिक्रमण की मानो बाढ़ आ गई हो। इसी तरह मॉडल रोड परमहंसी मार्ग पर भी अतिक्रमणकारियों ने सड़क को घेर रखा है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। नगर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और नगर पालिका की इस लचर कार्यप्रणाली के कारण अतिक्रमणकारियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते इन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो सकते हैं। नगरीय प्रशासन ध्यान आकर्षित कर उचित कार्यवाही करें।

# 45 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए पोस्टमास्टर श्रीराम पाण्डेय



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस स्थानीय डाक विभाग में कर्मठता और मृदुभाषी व्यवहार के लिए पहचाने जाने वाले श्रीराम पाण्डेय अपनी लंबी यादगार सेवाओं के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सम्मान में डाकघर परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जहाँ सहकर्मियों और पारिवारिक सदस्यों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। लगभग साढ़े चार दशक का अटूट सफर रहा श्री पाण्डेय ने डाक विभाग में 45 वर्ष और 6 माह की लंबी सेवा अवधि पूर्ण की। जो अपने आप में एक मिसाल है कि उन्होंने अपनी सेवाएं देते हुए तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत अपनी पारी का समापन किया। उनके कार्यकाल के दौरान तकनीकी बदलावों के बावजूद उन्होंने समय के साथ खुद को ढाला और सेवाएं प्रदान कीं।

### सम्मान और विदाई

विदाई समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि श्रीराम पाण्डेय केवल एक शासकीय सेवक नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों के बीच अलग पहचान बनाई। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन किया।जो आज के दौर में प्रेरणादायक है। इस अवसर पर सहकर्मियों एवं पारिवारिक सदस्यों ने शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# शोपीस बना श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर लगा ठंडे पानी का वॉटर कूलर



**नवभारत/ गोटेगांव।** स्थानीय श्रीधाम रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म पर लगा ठंडे पानी का फ्रीजर महज शोपीस बनकर रह जाने के साथ-साथ शुद्ध पेयजल आपूर्ति पर ग्रहण बनकर रह जाने के साथ ही प्यास बुझाने की कीमत चुका रहे जरूरतमंद रेल यात्रियों का कहना है कि यह ठंडे पानी का वाटर कूलर रेल यात्रियों की प्यास बुझाने लगाया गया था लेकिन कुछ दिनों से यह वाटर फ्रीजर गर्म पानी दे रहा है और इस भीषण गर्मी में यात्रियों को ठंडे पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है जिससे वह रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर यहां से वहां अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकते नजर आते हैं। श्रीधाम रेलवे स्टेशन अधिकारी कर्मचारियों से रेल यात्रियों ने इस ठंडे पानी के वाटर कूलर को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है ताकि इस भीषण गर्मी में रेल यात्रा सफर कर रहे रेल यात्रियों को परेशानी न हो और वह इस ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझाकर अपनी यात्रा को सहज और सुलभ बना सके। रेल प्रशासन इस ओर ध्यान आकर्षित कर रेल यात्रियों को हो रही आसुविधा को देखते हुए जल्द से जल्द ठंडे पानी के वाटर कूलर को दुरुस्त कराकर चालु कराएं।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Subhash ward, Narsinghpur Phone: 07792-230402) Email: cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 223/ ई-टेण्डर/ 2026-27 नरसिंहपुर दिनांक :- 25/04/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_503138_1 25/04/2026 | निकाय अंतर्गत समस्त वाड़ों में फिल्टर बेड एवं फिल्टर मीडिया मरम्मत कार्य। | 04 माह 1271142.00 | 2000.00 9540.00 | 29/05/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नरसिंहपुर